सच, सरोकार और विश्वास के 15 वर्ष

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

मथुरा से प्रकाशित

यूनिकॉम एडवरटाइजिंग

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त

Sweety BY MR GROUP Presents Unique Samay Update uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-166 | सांध्य दैनिक | मथुरा, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 | पेज-16 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


# गोदाम में छापा, राशन के चावल की 164 बोरियां मिलीं

## गोकुल बैराज के समीप गोदाम में भरा मिला चावल

## डीएम के निर्देश पर झुड़ावई के राशन माफिया पर मुकदमा

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएसओ के निर्देश पर पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने गोकुल बैराज के पास एक गोदाम में छापा मारकर राशन का चावल बरामद किया। सोमवार शाम को हुई कार्रवाई के बाद मंगलवार को डीएम के निर्देश पर फरह क्षेत्र के गांव झुड़ावई के रहने वाले राशन माफिया पर सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कराए गए मुकदमे में दो भाइयों को आरोपित बनाया गया है।

बीते दिन जिला पूर्ति अधिकारी संजीव सिंह को मुखबिर ने गोकुल बैराज के समीप एक गोदाम में राशन का चावल रखे होने की सूचना मिली। इस पर क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह यादव, पूर्ति निरीक्षक महावन विकांत, पूर्ति निरीक्षक मथुरा मनोज तिवारी की संयुक्त जांच टीम ने मुखबिर के गोकुल बैराज रोड स्थित लक्ष्मी गार्डन के बराबर स्थित निजी गोदाम पर सरकारी चावल होने संग्रहित किए जाने की सूचना पर छापेमारी की गई।



गोदाम में भरी चावल की बोरियां।

छापेमारी के दौरान गोदाम बंद मिला तो टीम ने आसपास के लोगों से जानकारी के बाद गोदाम के मालिक से दूरभाष पर संपर्क किया गया। कुछ समय बाद राजकुमार सिंह निवासी अडूकी ब्लॉक-तहसील मथुरा चाबी लेकर आया और गोदाम खोला। जांच टीम को गोदाम के भीतर हाथ से सिली प्लास्टिक की बोरियों में चावल भरा मिला। बोरियां हाथ से सिली हुई, जिसमें 40 किलो से में 50 किलो तक चावल भरा था। बोरियों के पास एक लोहे का इलेक्ट्रॉनिक कांटा मिला।

इसके बाद टीम ने 164 प्लास्टिक की बोरियों में बरामद चावल को अशोक कुमार उचित दर विक्रेता और रविंद्र कुमार की सुपुर्दगी में दे दिया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी फूल सिंह यादव ने बताया कि राजकुमार ने जानकारी दी कि बरामद चावल फरह ब्लाक के गांव झुडावई निवासी कपिल गोयल पुत्र राजेंद गोयल का है, जो लक्ष्मण गोयल पुत्र राजेंद्र गोयल का भाई है। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, कपिल गोयल और लक्ष्मण गोयल ने धर्नाजन के इरादे से राशन के चावल का भंडारण किया था, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। मामले में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# यूनिक समय बना जनता की आवाज

## बुधवार को समाचार पत्र मनाएगा 15 वां स्थापना दिवस

**यूनिक समय, मथुरा।** दैनिक समाचार पत्र यूनिक समय का कल, 12 अगस्त को 15वां स्थापना दिवस है। पाठकों और शुभचिंतकों के प्यार की बदौलत यूनिक समय ने हर साल बुलंदियों को छुआ और आगे बढ़ा। जनता की आवाज बनकर समस्याओं को प्रशासन और शासन तक पहुंचाया। ऐसे कई मौके आए, जब खबरों का असर दिखाई दिया। पाठकों ने खुशी जताई कि उनकी समस्या का समाधान तो हुआ।

15 साल पहले एक पौधे की तरह लगाए दैनिक यूनिक समय ने हर साल पाठकों का प्यार पाया।

इसी प्यार की वजह से ही हर दिन की सायं पाठक यूनिक समय का इंतजार करते नजर आए। यूनिक समय हर दिन सायं को बिना पढ़े रात को नींद नहीं आती। मतलब यह है कि समाचार पत्र प्रबंधन का हमेशा यह ध्येय रहा कि पाठकों को हर खबर सही समय पर पढ़ाई जाए।

सच, सरोकार और विश्वास के 15 वर्ष

प्रेरणास्त्रोत पूजनीय राजनलाल गौतम की विचारधारा को उनके पुत्र यूनिक एड ग्रुप के चेयरमैन राजकुमार गौतम और संपादक पवन गौतम ने अपने अंदाज में संजोया। फिर यूनिक समय समाचार पत्र का प्रकाशन किया। समय के साथ यूनिक समय का नाम मीडिया जगत में आया। 14 वर्ष की यात्रा में सभी का साथ पाकर यूनिक समय एक कीर्तिमान बनाते हुए विशेष स्थान की ओर बढ़ा। अब हर क्षेत्र और हर वर्ग में यूनिक समय पढ़ा जाने लगा है। कार्यालय आने वाले पाठकों के फोन से प्रतीत होता है कि यूनिक समय जनता की कसौटी पर खरा उतर रहा है।

# जन्माष्टमी से पहले आधी रात सड़कों पर उतरे नगर आयुक्त

## गंदगी पर चार दुकानदारों पर लगाया 20 हजार का दंड

## मसानी–भूतेश्वर मार्ग को 18 अगस्त तक गड्ढामुक्त करने के निर्देश

## लापरवाही पर ठेकेदार पर एफआईआर अफसर पर कार्रवाई की चेतावनी

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम वातावरण देने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने देर रात करीब 11 बजे मसानी से भूतेश्वर तक पैदल भ्रमण कर सड़क मरम्मत कार्य की स्थिति देखी। मध्यरात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र पहुंचकर सफाई, प्रकाश और नागरिक सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। लगातार दो घंटे चले निरीक्षण में खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कड़े निर्देश दिए। मसानी–भूतेश्वर मार्ग पर पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क, धंसाव और गड्ढों को देखकर नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को तेजी से काम कराने को कहा।

मसानी नाले से भूतेश्वर अंडरपास तक जलकल विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाई गई है। अंडरपास में लंबे समय से हो रहे जलभराव का स्थायी समाधान करने को कहा। नगर आयुक्त ने 12 अगस्त तक सैंड फिलिंग, मसानी से डीग गेट तक 15 अगस्त तक जीएसबी, डामरीकरण और भूतेश्वर तक दोनों कार्य 18 अगस्त तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जन्माष्टमी से पहले पूरा मार्ग समतल और गड्ढामुक्त होना चाहिए। मध्यरात्रि में जन्मभूमि क्षेत्र पहुंचे नगर आयुक्त ने मुख्य द्वार से गेट नंबर–1, गेट नंबर–2 और पोतरा कुंड तक पैदल जाकर सफाई व्यवस्था परखी। चार दुकानों के बाहर कूड़ा, पॉलीथिन, कुल्हड़ और अन्य अपशिष्ट मिलने पर प्रत्येक संचालक पर पांच–पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। दोबारा गंदगी मिलने पर दुकान सील करने की चेतावनी दी। बंद मिली स्ट्रीट लाइटों, बिना लाइट वाले पोल का फोटो लेकर उन्होंने विद्युत यांत्रिकी के अवर अभियंता को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

# कारब रजवहा टूटा, सड़क पर बहा पानी, बढ़ी परेशानी

**यूनिक समय, मथुरा।** कारब रजवहा की पटरी टूटने से आसपास के खेतों में पानी भर गया है। पानी का बहाव अब सिहोरा–कारब मार्ग तक पहुंच गया है। सड़क पर पानी भरने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लगातार पानी बहने के कारण लोक निर्माण विभाग की करीब 50 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क भी उखड़ने लगी है। ग्रामीण ओम प्रकाश चौधरी, दिगंबर सिंह और सुरेश चौधरी ने बताया कि रजवाहे की पटरी कई दिन से क्षतिग्रस्त है। पहले पानी खेतों में पहुंचा और अब सड़क पर बह रहा है। इससे फसलों को नुकसान का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द पटरी की मरम्मत नहीं कराई गई तो खेतों में पानी भरने से किसानों की फसलें बर्बाद हो सकती हैं। लगातार पानी बहने से नई सड़क को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि रजवाह की टूटी पटरी की जानकारी मिली है। टीम को मौके पर भेजकर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही पानी के बहाव को रोकने का प्रयास किया जाएगा।


यूनिक समय के गौरवशाली 15 वें वर्ष में प्रवेश करने पर के.डी. मेडिकल कॉलेज परिवार की ओर से हार्दिक बधाईयाँ

Sweety BY MR GROUP
यूनिक समय के गौरवशाली 15 वें वर्ष में प्रवेश करने पर स्वीटी सुपारी परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ
Sweety Supari | Sweety Mouth Fresheners | Shri Suresh Chand Agarwal Memorial Trust | WINGSTON Mathura / Goverdhan / Barsana

GLA UNIVERSITY Recognised by UGC Under Section 2(f) & 12B Status | Accredited with A+ Grade by NAAC | Mathura | Greater Noida | 28 Years Educational Excellence
यूनिक समय के गौरवशाली 15 वें वर्ष में प्रवेश करने पर जीएलए परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ

# डाक विभाग बना बहनों का सहारा, सात समंदर पार पहुंचा रहा राखी का प्यार

**यूनिक समय, मथुरा।** रक्षाबंधन के त्योहार पर भाई–बहन के रिश्ते की मिठास को सात समंदर पार तक पहुंचाने में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्य डाकघर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों के डाकघरों तक इन दिनों राखी भेजने वाली बहनों की भीड़ दिखाई दे रही है। दूर रहने वाले भाइयों तक समय से राखी पहुंचाने के लिए बहनें डाक विभाग का सहारा ले रही हैं। इससे राखी भेजने की पुरानी परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी है।

रक्षाबंधन को लेकर जिले के डाकघरों में राखियों की बुकिंग तेजी से बढ़ी है। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी के साथ मिठाई और शुभकामना संदेश भी भेज रही हैं। डाक विभाग के अनुसार, पूरे जिले से प्रतिदिन करीब एक हजार राखी के लिफाफे डाक के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। प्रवर अधीक्षक डाक विजेंद्र ने बताया कि मुख्य डाकघर में राखी भेजने वाली



बहनों की सुविधा के लिए दो अलग काउंटर लगाए गए हैं। यहां राखियों की बुकिंग के लिए विशेष

## जिले के डाकघरों में रोजाना पहुंच रहे करीब एक हजार राखी के लिफाफे

व्यवस्था की गई है, ताकि त्योहार के समय बहनों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिले से विदेशों में भी राखियां भेजी जा रही हैं। प्रतिदिन करीब 10 से 20 राखी के लिफाफे सात समंदर पार रहने वाले भाइयों के लिए बुक किए जा रहे हैं। विदेश भेजी जा रही राखियों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित सेवा के माध्यम से भेजा जा रहा है। डाक विभाग की ट्रैकिंग सुविधा ने बहनों की चिंता भी कम कर दी है। राखी भेजने के बाद बहनें आईटीपीएस और ईएमएस की ट्रैकिंग सुविधा के माध्यम से अपने लिफाफे की स्थिति देख सकती हैं। इससे उन्हें पता चलता रहता है कि उनकी राखी कहां तक पहुंची है, भाई के पास कब तक पहुंचने की संभावना है।




## गांजा और चाकू के साथ दो युवक पकड़े

**यूनिक समय, वृंदावन।** कोतवाली क्षेत्र की मथुरा गेट पुलिस चौकी प्रभारी राहुल चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम ने गुरुकुल रोड पर छापा मारकर दो युवकों को संदिग्ध रुप में पकड़ा। उनके पास से गांजा और चाकू बरामद किए। पकड़े युवकों ने अपने नाम भोले और सलमान निवासी हैजा अस्पताल के पीछे राधा निवास बताया।















# विदेशी विशेषज्ञों संग हाथियों की देखभाल होगी और बेहतर

## चुरमुरा केंद्र में चिकित्सकों और देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षण

## अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों संग हाथियों की देखभाल के तरीके सुधारे

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व हाथी दिवस से पहले वाइल्डलाइफ एसओएस ने बचाए गए हाथियों की आजीवन देखभाल और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत किया है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय हाथी देखभाल विशेषज्ञ माइक मैक्लूअर के नेतृत्व में मैक्लूअर इंटरनेशनल कंसल्टिंग की टीम ने फरह क्षेत्र के चुरमुरा स्थित हाथी संरक्षण एवं देखभाल केंद्र में एक सप्ताह बिताया। इस दौरान पशु चिकित्सकों और हाथियों की देखभाल करने वाले कर्मचारियों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।


क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करतीं प्रशिक्षक।

कार्यक्रम में हाथियों के स्वास्थ्य, व्यवहार और जीवन की गुणवत्ता सुधारने के वैज्ञानिक-व्यावहारिक तरीकों पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पैरों की देखभाल, बेहतर चलने–फिरने की क्षमता, सकारात्मक प्रोत्साहन आधारित प्रशिक्षण, सामाजिक मेलजोल और हाथियों के वातावरण को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर जानकारी साझा की गई।

देखभालकर्ताओं के कौशल विकास को भी कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया।

वाइल्डलाइफ एसओएस के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता और भारत में बचाव- पुनर्वास के लगभग दो दशकों के अनुभव को एक साथ लाने से गंभीर चोटों और लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हाथियों की देखभाल के नए तरीके विकसित करने में मदद मिलेगी। साथ ही टीमों के बीच लगातार ज्ञान और अनुभव साझा करने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा।

मथुरा के प्रभागीय वनाधिकारी वेंकट श्रीकर पटेल ने कहा कि बचाए गए हाथियों की भलाई के लिए लगातार सीखना, जिम्मेदारी से देखभाल करना और मजबूत सहयोग जरूरी है। उन्होंने केंद्र में हाथियों की देखभाल के स्तर को बेहतर बनाने वाली पहल की सराहना की। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह–संस्थापक कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि हाथी का बचाव उसकी स्वस्थ होने की यात्रा की शुरुआत है। संस्था की जिम्मेदारी है कि हर बचाए गए हाथी को जीवनभर बेहतर देखभाल मिले। अंतरराष्ट्रीय सहयोग से देखभाल के तरीकों में लगातार सुधार और नई विशेषज्ञता हासिल करने में मदद मिलेगी।

## भांजी से दुराचार करने वाला मामा गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने भांजी के साथ बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे मामा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साहू मौहल्ला धबारी, जवाहर पंडित के मकान में किराए पर रहने वाले अभियुक्त दिलीप वर्मन को नाबालिग भांजी के साथ दुराचार करने और परिवार के साथ मारपीट कर जानसे मारने की धमकी देने के आरोप में राजपुर को जाने वाले मार्ग पर पानी की टंकी के समीप से गिरफ्तार किया है।

# भर्ती के 20 दिन बाद जटवारी का जवान शहीद

## जनक की शहादत से परिवार में पसरा गम गांव में शोक

## ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर मदद की मांग उठाई

**यूनिक समय, मथुरा।** कभी आपराधिक गतिविधियों के कारण चर्चित रहा छाता ब्लाक का जटवारी गांव अब अपनी पहचान बदलने की कोशिश कर रहा है। गांव के युवा सेना और पुलिस में भर्ती होकर देशसेवा की राह चुन रहे हैं। इसी गांव के गरीब परिवार के बेटे जनक ने भी सेना में जाने का सपना देखा था। उनका सपना एक जुलाई 2026 को पूरा हुआ, जब वह राजपूत रेजिमेंट, फतेहगढ़ में भर्ती हुए।

परिवार में बेटे के सेना में भर्ती होने की खुशी अभी पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि महज 20 दिन बाद दुखद खबर आ गई। 21 जुलाई को जनक वीरगति को प्राप्त हो गए। बेटे की शहादत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। जिस घर में देशसेवा के लिए बेटे के चयन पर खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा है।



शहीद वीर जनक।

जनक के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। ऐसे में परिवार के भरण–पोषण और भविष्य की चिंता को लेकर मंगलवार को ग्रामीण और परिजन जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम कार्यालय में अपनी बात रखते हुए सरकार से शहीद परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि शहीद परिवार को तत्काल आर्थिक मदद के साथ भरण–पोषण, रोजगार और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि परिवार को कठिन परिस्थितियों में सहारा मिल सके।















# स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी को लेकर जंक्शन पर बढ़ाई सुरक्षा

## सघन चेकिंग अभियान शुरू, यात्रियों को सजगता के लिए समझाया

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए मथुरा जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। सहायक उप निरीक्षक रामनरेश, उप निरीक्षक रामनरेश ने आरपीएसएफ हमराह स्टाफ के साथ मेटल डिटेक्टर लेकर स्टेशन पर आने–जाने वाले यात्रियों और उनके सामान की गहनता से जांच की गई। इस दौरान प्लेटफॉर्म क्षेत्र, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया और पार्सल कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर भी चेकिंग की गई। सुरक्षा कर्मियों ने संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। सुरक्षा जांच के दौरान यात्रियों को भी सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। लाउड हेलर के माध्यम से यात्रियों को जहरखुरानी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए अनजान व्यक्तियों से खान पान की वस्तुएं नहीं लेने की अपील की गई। सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने से रेल संचालन प्रभावित होता है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।


मथुरा जंक्शन पर चेकिंग करते हुए आरपीएफ के जवान।

# धोखाधड़ी से बैंक लोन लेने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना राया पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम भरऊ निवासी हरिशचंद्र उर्फ हरीशचंद ने बैंक में अपनी मां कटोरी देवी का फोटो लगा कर बैंक से जमीन पर धोखाधड़ी से लोन ले लिया। इस बात का पता जब अन्य परिवारीजनों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया। इस पर अभियुक्त ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पुलिस में दर्ज कराया गया। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गांव भरऊ से गिरफ्तार कर लिया।

# यमुना एक्सप्रेस-वे से सोलर ब्लिंकर समेत पोल चोरी

## ब्लिंकर से रात में वाहनों को मिलती थी रोड की जानकारी

**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए सोलर ब्लिंकर लाइट और सोलर प्लेट सहित पूरा पोल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए ब्लिंकर पोल चोरी होने का पता सुबह उस समय लगा, जब जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की निरक्षण करने वाला गश्ती दल वहां से गुजरा। एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन संख्या 85+400 (मीडियन) पर स्थापित एक सोलर ब्लिंकर लाइट का पूरा पोल गायब था।

यह सोलर ब्लिंकर लाइट रात के समय वाहन चालकों को मार्ग की दिशा और स्थिति स्पष्ट करने और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के उद्देश्य से लगाई गई थी। इसके चोरी हो जाने से उक्त स्थान पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। रात के समय तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के चालकों को मार्ग की स्थिति समझने में परेशानी होने के साथ–साथ दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इस मामले में यमुना एक्सप्रेस-वे प्रबंधन की ओर से थाना सुरीर में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बेरी पर कासगंज–अछनेरा पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को मिली मंजूरी

**यूनिक समय, मथुरा।** फरह ब्लॉक के बेरी रेलवे स्टेशन पर कासगंज–अछनेरा पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है। गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को देखते हुए विधायक मेघश्याम सिंह ने रेल मंत्री से ट्रेन के ठहराव की मांग की थी। रेल मंत्री की ओर से ट्रेन के ठहराव को मंजूरी दे दी गई है। रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 55331/55332 कासगंज–अछनेरा पैसेंजर के बेरी रेलवे स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इससे मथुरा, अछनेरा और कासगंज सहित अन्य स्थानों पर आने–जाने के लिए बेहतर रेल सुविधा मिल सकेगी। वहीं, इस ट्रेन के ठहराव की जानकारी से सुविधा विहीन दीनदयाल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों मं निराशा नजर आई, जबकि इंटरनेट मीडिया पर इसे लेकर काफी चर्चा हुई। विधायक बल्देव और अन्य को दीनदयाल स्टेशन पर सुविधाएं विकसित नहीं होने के लिए कोसा गया।












# केले की ठेल लगाने वाले युवक की हत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित सौंख रोड पर खाली पड़े प्लाट में कुछ लोगों ने एक युवक को ले जाकर मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पता लगने पर परिवार के लोग उसे हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना हाईवे के विकासनगर कॉलोनी में रहने वाला युवक दीपक और उसका पिता बाबूलाल मंडी समिति के समीप

## ठेल से ले जाकर कुछ युवकों ने पीट-पीट कर की हत्या

हाइवे पर केले की ठेल लगाते हैं। बताया गया कि कल दीपक की ठेल पर युवक चना उर्फ राहुल के साथ कुछ अन्य युवक आए। दीपक को युवक अपने साथ बुलाकर ले गए। इन लोगों ने उसे सौंख रोड स्थित खंडेलवाल ट्रैक्टर के समीप ले जाकर एक खाली प्लाट में बुरी तरह पीटा। दीपक के पिता बाबूलाल ने बताया कि चना उर्फ राहुल ने उसे आकर बताया कि उसे कई युवक पीट रहे हैं। इस बात का पता लगने पर पिता खंडेलवाल ट्रैक्टर्स के समीप खाली प्लाट पर पहुंचा, बेटा अचेतावस्था में पड़ा मिला। परिवार के लोग उसे कई हॉस्पिटलों में ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक की मौत के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## यमुना किनारे मिला 10 दिन पुराना शव

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के गांव फूलगढ़ी खादर में मंगलवार को यमुना नदी के किनारे खेतों में एक अज्ञात पुरुष का 10 दिन पुराना शव मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह पुलिस को सूचना मिली कि फूलगढ़ी खादर में यमुना किनारे एक शव पड़ा है। सूचना पर चौकी प्रभारी शाहपुर विनीत कुमार मय पहुंचे। पुलिस के अनुसार, शव करीब 47 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का है और उसके शरीर पर केवल पेंट है। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव को पानी से बाहर निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के गांवों में गुमशुदगी की सूचना भी खंगाली जा रही है।

# आपसी रंजिश में की गई फायरिंग एक युवक को दो गोली लगीं

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत नगला जाटान में आपसी पुरानी रंजिश को लेकर बीती रात गांव के एक युवक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एक युवक पर गोलियां दाग दी। इससे इलाके में दहशत फैल गई। गोली लगने से घायल हुए युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगला जाटान निवासी विजयपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके भाई चंद्रपाल पर आपसी पुरानी रंजिश के चलते गांव के विजय सिंह ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ

## एक नामजद सहित तीन पर एफआईआर

बीती रात उसके भाई चंद्रपाल पर फायरिंग कर दी। चंद्रपाल के दो गोलियां बगल और बांये हाथ में लगी। गोली लगने से भाई गंभीर घायल हो गया। हमलावर फायरिंग करने के बाद भाग गए। गंभीर घायल युवक को सर्वोदय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में विजय सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

















Hotel KMB
KMB Builders & Developers
Ashok Garden, Goverdhan
HOTEL KMB
ममता बिन्दल
समस्त देशवासियों को
80 वे
स्वतंत्रता
दिवस की
हादिक शुभकामनाएं
15 अगस्त, 2026
LUXURY ROOMS
MULTI CUISINE RESTAURANT
BANQUET & EVENTS
PRIME LOCATION & WARM HOSPITALITY
'यूनिक समय' के 15वें स्थापना
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
Hotel KMB
KMB Builders & Developers
Ashok Garden Govardhan

# शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन



मंगलवार को वृंदावन के गोपश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते डीएम चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा।** पवित्र श्रावण मास और सावन शिवरात्रि के मद्देनजर मंगलवार को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने मथुरा के भूतेश्वर महादेव मंदिर और वृंदावन स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद मंदिरों में पूजा- अर्चना की।

अधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रवेश–निकास, दर्शन व्यवस्था, पेयजल, सफाई, प्रकाश,

## डीएम और एसएसपी ने भूतेश्वर और गोपेश्वर महादेव मंदिरों में की पूजा–अर्चना

बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिवरात्रि पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रखी जाएं। मंदिर मार्गों और प्रमुख स्थानों पर विशेष सफाई व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। एसएसपी ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था प्रभावी रखने के निर्देश दिए।

मंदिर मार्गों पर यातायात परिवर्तन, खोया–पाया केंद्र और महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों पर भी निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने वृंदावन के प्राचीन श्री राधा गोपाल मंदिर और ब्रह्मकुंड स्थित ठाकुर श्री राधा कृष्ण चंद्रमा मंदिर का भी निरीक्षण किया।

## शिवालयों में दर्शनों को उमड़ी भक्तों की भीड़

**यूनिक समय, राया।** सावन के दूसरे सोमवार को कस्बे के विभिन्न मंदिरों शिवालयों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः पूजा अर्चना के बाद कस्बा स्थित शिवदत्त गली महादेव मंदिर, कटरा बाजार, नव दुर्गा मंदिर रेतिया बाजार, पिपलेश्वर महादेव, बिहारी जी मंदिर पर भोलेनाथ का श्रंगार कर बर्फ के बंगला सजाया। समूचा कस्बा भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।

# पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त को आठ माह की कैद

**यूनिक समय, मथुरा।** एडीजे 11 ने पुलिस मुठभेड़ में पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले अभियुक्त को आठ साल की कैद और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार, छाता पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त शेरखान निवासी विशंभरा थाना शेरगढ़ को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई एडीजे 11 के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने अभियुक्त शेरखान को पुलिस मुठभेड़ में साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराते हुए उक्त सजा से दंडित किया है।









# विवाहित महिला ने यमुना में लगाई छलांग

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के पानीगांव पुल से एक विवाहिता ने मंगलवार प्रातः यमुना में छलांग लगा ली। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने महिला को पानी से बाहर निकाल लिया और जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजा। चिकित्सकों ने उसे आगरा के लिए रैफर कर दिया।

बताया गया कि महिला पानीघाट इलाके की रहने वाली है। महिला की

## एसडीआरएफ ने बचाई जान, जिला अस्पताल से आगरा रैफर

शादी राकेश के साथ हुई थी। किसी बात को लेकर महिला दो साल से अपने मायके रह रही थी। सोमवार की सायं वह ससुराल लौटी थी। महिला की सास का कहना है कि उस समय सभी सामान्य था। अगले ही दिन ऐसा क्या हुआ कि उसने यमुना में छलांग लगा कर आत्महत्या करने की कोशिश की। यमुना में डूबी महिला को जिला संयुक्त चिकित्सालय से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए एसएन मेडिक्ल कालेज हॉस्पिटल भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच के लिए दोनों ही परिवारों से इस मामले में जानकारी जुटा रही है।

# गांजा रखने वाले को साढ़े चार माह की कैद

**यूनिक समय, मथुरा।** सीजेएम ने एक अभियुक्त को गांजा रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए चार माह 15 दिन का कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार, गोवर्धन निवासी अभियुक्त कलुआ को पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र सीजेम न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई सीजेएम न्यायालय में हुई। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को उक्त सजा से दंडित किया।

# 15 को अजीजपुर में होगी दौड़ प्रतियोगिता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** स्वतंत्रता दिवस पर नई दिशा फ्यूचर फाउंडेशन और खेल कमेटी डब्ल्यू सी के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अजीजपुर में 15 अगस्त को दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर की दौड़ कराई जाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्र–छात्राएं भाग लेने के लिए नामांकन करा रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे 15 अगस्त को अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं।












# बाइक सवारों ने महिला के कुंडल छीने

## घटना से इलाके में फैली सनसनी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली

**यूनिक समय मथुरा।** बाइक सवार दो बदमाशों ने गौशाला के समीप एक महिला के कानों के कुंडल खींच लिए और भाग गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आस–पास के सीसी टीवी केमरों की फुटेज खंगाल रही है।

महिला प्रीति वृंदावन से कैलाश नगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कैलाश नगर और मयूर बिहार के बीच सड़क किनारे गौशाला के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के पास बाइक की गति को धीमा किया। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने तेज झपट्टा मारकर महिला के कानों के कुंडल खींच लिए और बाइक को तेज गति से भगा ले गए। महिला कुछ समझपाती उससे पहले बाइक सवार बदमाश वहां से भाग गए। महिला के शोर करने पर काफी संख्या में राहगीर घटनास्थल पर एकत्रित हो गए।

पुलिस को भी घटना का पता लगा तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां आस–पास लगे सीसी टीवी केमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस का कहना है कि घटना करने वाले बदमाशों की जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# हाईवे पर तेज रफ्तार कार से हुई दुर्घटना में दो घायल

## टायर फटने से अनियंत्रित कार चेंबर से टकराई

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग19 पर मंडी चौराहे के समीप होंडा सिटी कार का टायर अचानक फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर बने सीवर चेंबर से टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीक के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि बीती रात करीब 11 बजे आगरा से दिल्ली के लिए जाती एक तेज रफ्तार होंडा सिटी का कार का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार सड़क पर बने सीवर चेंबर से टकराती हुए एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। दुर्घटना में कार में सवार जैकी और बहादुर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को कार से निकाल कर हॉस्पिटल पहुंचाया। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची मंडी चौकी के प्रभारी ने दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाकर रोड को वाहनों के लिए सुचारू किया।

# परचून दुकान में झीने की छत काट की चोरी

**यूनिक समय, शेरगढ़।** पटेल चौक स्थित एक परचून की दुकान को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर झीने की छत काट कर 15 हजार की नकदी और कीमती सामान चोरो कर ले गए।

पटेल चौक पर कन्हैया की परचून के थोक के सामान की दुकान है। सोमवार की सांय वह दुकान बंद करने के बाद घर आ गया। इसके बाद मंगलवार प्रातः जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो दुकान खोलते ही उनके होश उड़ गए। दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने झीने की छत काटने के बाद अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखी पंद्रह हजार रुपये की नकदी और काजू, बादाम सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। दुकानदार ने दुकान में हुई चोरी की पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस–पास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। इसके साथ ही चोरों का पता लगाने के लिए आस–पास के इलाके में लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज को देखा। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल का कहना है कि चोरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# कल कोसीकलां में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 12 अगस्त को गांधी पार्क से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी भारत शर्मा ने बताया कि यात्रा में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, यात्रा संयोजक कमल किशोर वार्ष्णेय, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल की उपस्थिति रहेगी। आयोजकों के अनुसार, यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होगी।











'यूनिक समय' के 15वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
BU
BRAJWASI
ELEVATOR
विश्वास • गुणवत्ता • सुरक्षा
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ।
निर्माण:
होइस्ट लिफ्ट, माल लिफ्ट,
पैसेंजर लिफ्ट एवं क्रेन
सुरक्षित | विश्वसनीय | उत्तम गुणवत्ता
सभी प्रकार की लिफ्टों की स्थापना, मरम्मत, रखरखाव एवं नवीनीकरण
होइस्ट लिफ्ट
माल लिफ्ट
पैसेंजर लिफ्ट
पैसेंजर लिफ्ट - स्टाइल, सुरक्षा और आराम का बेहतरीन संगम
स्टेनलेस स्टील फिनिश
गोल्डन मिरर फिनिश
हेयरलाइन फिनिश
लक्जरी डेकोर फिनिश
उच्च गुणवत्ता मानक
समय पर सेवा और रखरखाव
अनुभवी इंजीनियर और तकनीशियन
24x7 सेवा उपलब्ध
www.brijwasiudyog.com
jayshree_vapi@rediffmail.com
Contact No.
93770 15669
83208 93694
13, गोविंदा प्लाजा,
घोरेरा वृंदावन रोड,
मथुरा - 281121

# पढ़ाई दोबारा शुरू कराने की आस में बच्चों ने उठाई कांवड़

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कंधों पर कांवड़, पैरों में छाले और आंखों में पढ़ाई दोबारा शुरू होने का सपना, यह कहानी है बठैन गेट निवासी दिव्यांग दंपती के चार बच्चों की, जो भगवान शिव से अपनी पढ़ाई फिर शुरू कराने की मनौती लेकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने घर की ओर लौट रहे हैं।

तालाबशाही निवासी भरतलाल की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उनके और पत्नी के दिव्यांग होने के कारण परिवार की आमदनी सीमित है। बच्चों के अनुसार, आर्थिक तंगी के चलते स्कूल की फीस जमा नहीं हो सकी और उनकी पढ़ाई प्रभावित हो गई। पढ़ाई छूटने के बाद बच्चों ने भगवान भोलेनाथ से अपनी पढ़ाई दोबारा शुरू होने की मनौती मांगी और कांवड़ यात्रा पर निकल पड़े।

## मां-बाप दिव्यांग हरिद्वार से गंगाजल लेकर घर लौट रहा परिवार

भरतलाल अपने तीन बच्चों के साथ 30 जुलाई को ई-रिक्शा से हरिद्वार पहुंचे और वहां से गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा शुरू की। चारों भाई-बहनों में बड़ी बहन कक्षा 11, दूसरी बेटी कक्षा 9, बेटा कक्षा 6 और सबसे छोटी बेटी कक्षा 3 में पढ़ती है। बच्चों का कहना है कि वे पढ़-लिखकर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं और उनकी सबसे बड़ी इच्छा है कि उनकी पढ़ाई फिर से शुरू हो जाए। बच्चों की यह कांवड़ यात्रा आर्थिक तंगी के बीच शिक्षा के लिए उनके संघर्ष और जज्बे की मार्मिक तस्वीर पेश कर रही है। मंगलवार को बच्चो सहित दिव्यांग परिवार ने अपने घर के समीप शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा कर जलाभिषेक किया और पढ़ाई की आस लगाई।

## स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

विद्यालय प्रबंधक तरुण गुप्ता ने बच्चों को फीस जमा न करने के कारण स्कूल से निकाले जाने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि चार में से तीन बच्चे उनके विद्यालय में पढ़ते हैं, तीनों 24 जुलाई से स्कूल नहीं आ रहे हैं। फीस जमा न होने के बावजूद बच्चों को परीक्षा में शामिल कराया गया था। लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उनके निष्कासन की प्रक्रिया शुरू की गई है।
















# सावन शिवरात्रि पर बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ी भीड़


मंगलवार को बांकेबिहारी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** सावन की शिवरात्रि पर मंगलवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज से आए भक्तों ने ठाकुरजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र राधे-राधे के जयकारों से गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गईं। प्रवेश और निकास मार्गों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगातार निगरानी की गई और श्रद्धालुओं को तय मार्ग से मंदिर में प्रवेश कराया गया। सावन शिवरात्रि होने के कारण वृंदावन के शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। शाम तक मंदिर और आसपास के बाजारों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

# भागवत कथा में गूंजा दान और संकल्प का संदेश



**यूनिक समय, फरह।** कस्बा के फराह देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य राजकुमार सैथिया ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं और नरकासुर वध का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भजन और धार्मिक प्रसंगों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके बंदीगृह में कैद 16,100 कन्याओं को मुक्त कराया था। सामाजिक सम्मान प्रदान करने के लिए श्रीकृष्ण ने उन्हें अपनी पत्नियों के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने भगवान की आठ प्रमुख पटरानियों के प्रसंग का भी वर्णन किया।

नरकासुर प्रसंग के माध्यम से आचार्य ने दान के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा स्थल श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान शिवराम सारस्वत, लखन लाल अग्रवाल, मक्खन सिंह तरकर, ओम प्रकाश शर्मा कन्हैया शर्मा, कन्हैया लाल अग्रवाल, राजू सारस्वत, बच्चू सिंह, राहुल अन्य मौजूद है।












# अमावस्या पर हरियाली से सजेंगे मंदिर, कल परिक्रमा लगाने के लिए श्रद्धालु आएंगे

**यूनिक समय, वृंदावन।** मंदिरों की नगरी का कल बुधवार को हरियाली अमावस्या पर अलग ही नजारा होगा। हर मंदिर में हरियाली के बीच ठाकुर जी के दर्शन होंगे। मंदिरों को हरे पत्तों से सजाया जाएगा। विद्युत की रोशनी में हरियाली में मंदिरों के आंगन खूबसूरत लगेंगे। प्रमुख मंदिरों के साथ–साथ छोटे मंदिरों को भी सजाया जाएगा। सुबह से ही हर मंदिर में चहल पहल शुरु हो जाएगी। सबसे बड़ी बात हरियाली अमावस्या को श्रद्धालु वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा भी लगाने आएंगे और यमुना महारानी की पूजा-अर्चना करेंगे। हालांकि, कल के मुकाबले यमुना का जल स्तर वृंदावन में घटता नजर आया। केशीघाट की सीढ़ियों से पानी उतर गया है। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस कर्मियों को तिराहा और चौराहों पर तैनात किया जाएगा। उधर, हरियाली तीज को देखते हुए आज बाजारों में भी चहल पहल दिखाई देना शुरु हो गया है। महिलाएं हरियाली तीज पर श्रंगार करने के लिए हरी चूड़ियों के साथ–साथ श्रंगार का सामान खरीदने के लिए घरों से निकल पड़ी है।
















# जयसिंहपुरा तिरंगा यात्रा में दिखी देशभक्ति



हाथ में तिरंगा लिए चल रहे पार्षद राकेश भाटिया, मंडल अध्यक्ष राजू चौधरी, राजेश गुप्ता, योगेश आवा आदि।

## कृष्णचंद गांधी के छात्रों का घोष, वार्ड के लोग हुए शामिल, जगह जगह हुई पुष्पवर्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** आजादी महोत्सव के तहत मंगलवार को महानगर के वार्ड 36 जयसिंहपुरा देशभक्ति के रंग में नजर आया। वार्ड पार्षद-कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के नेतृत्व में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा में दोपहिया वाहन सवार, पैदल चल रहे वार्ड के लोग और कृष्णचंद गांधी स्कूल के छात्रों के देशभक्ति के नारों से जयसिंहपुरा देशभक्ति में डूबा नजर आया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गौरांग सिंघल के आवास से हुआ। इसमें पार्षद, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कृष्णानगर मंडल प्रभारी योगेश आवा, मंडल अध्यक्ष राजू चौधरी, भाजपा नेता रवि शर्मा, समाजसेवी राजकुमार गौतम, राजकुमार चतुर्वेदी, घनश्याम गौतम, ब्रजमोहन सैनी आदि चल रहे थे। यात्रा का कालिंदी कुंज कॉलोनी पर सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। जयसिंहपुरा में भी यात्रा का जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पंकज निषाद, घनश्याम सैनी, पुष्पेंद्र चौधरी, कन्हैया पंडित, सनी ठाकुर, सोनू कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, उमेश बघेल, श्याम बघेल, भूपेंद्र कुमार, सुनील सैनी, महेश शर्मा, आशु खंडेलवाल, नीरज रावत, ज्ञान नारायण अग्रवाल, बोली हलवाई आदि मौजूद रहे।

**राया।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार प्रातः तिरंगा यात्रा सादाबाद मार्ग बस स्टैंड से निकाली गयी, जो हाथरस मार्ग होते हुए कटरा बाजार, रेतिया बाजार, मांट मार्ग और मथुरा मार्ग होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश ने किया। तिरंगा यात्रा में स्कूल के छात्र–छात्राएं भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि के जयकारे लगाते साथ –साथ चल रहे थे। लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि तरुण प्रकाश, चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, आकाश चौधरी, अनिल रावत, रामकुमार उपाध्याय, राकेश बंसल, भूपेश अग्रवाल, राकेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, नरेंद्र रावत, चन्द्रशेखर सिंह. देवेंद्र चौधरी, हरिओम चौधरी, टीकाराम शर्मा और रामप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

बेरीवाल ग्रुप
की ओर से
यूनिक समय के
गौरवशाली 15 वें वर्ष
में प्रवेश करने पर
हार्दिक शुभकामनाएँ






# यमुना का जलस्तर घटा लोगों ने ली राहत की सांस

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसात के बीच यमुना के बढ़ते जलस्तर से चिंतित लोगों को मंगलवार को राहत मिली। सोमवार की तुलना में मंगलवार को नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गई। हालांकि प्रशासन और सिंचाई विभाग की ओर से जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रयाग घाट से 164.52 पानी का बहाव दर्ज किया गया। वहीं ताजेवाला से 16,651 क्यूसेक और ओखला से 10,568 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गोकुल बैराज पर मंगलवार को ऊपरी जलस्तर 162.45 मीटर और निचला जलस्तर 162.40 मीटर दर्ज किया गया।

गोकुल बैराज से 26,818 क्यूसेक पानी का बहाव रहा। जलस्तर में कमी आने से यमुना किनारे बसे क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले दिनों नदी का जलस्तर बढ़ने से घाटों और आसपास के इलाकों में चिंता बढ़ गई थी। अधिकारियों के अनुसार, जलस्तर और पानी के बहाव की लगातार निगरानी की जा रही है।

## यमुना में नाव संचालन पर होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर और जलकुंभी के बहाव को देखते हुए प्रशासन ने नाव संचालन पर रोक लगाई गई है। मंगलवार को अपर नगर आयुक्त ने नाव संचालकों और उनके पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एडीएम के आदेश के अनुपालन में 11 अगस्त से यमुना में नावों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने या सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले नाव संचालकों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।



सोने-चांदी के हिंडोले में विराजमान राजाधिराज।

## सोने—चांदी के हिंडोले में विराजे राजाधिराज

**यूनिक समय, मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में सावन मास के तेरहवें दिन मंगलवार को ठाकुर द्वारकाधीश महाराज सोने–चांदी के हिंडोले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि सावन मास में ठाकुर जी को लाड़–लड़ाने के भाव से अलग–अलग घटाओं और हिंडोलों में विराजमान कराया जाता है। बुधवार को संध्या उद्यापन के दर्शन शाम पांच बजे से होंगे। वहीं, शयन के दर्शन शाम सात बजे से रात आठ बजे तक ठाकुर द्वारकाधीश महाराज हरी घटा में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर हुई बैठक

**यूनिक समय, मथुरा।** सेठबाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठक हुई। इसमें मथुरा की पर्यवेक्षक अंजलि निंबालकर, समन्वयक प्रतिमा सिंह, शिवराम वाल्मीकि और अजय शर्मा मौजूद रहे। पर्यवेक्षक अंजलि निंबालकर ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले से लेकर ब्लॉक, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं से संवाद किया जाएगा। संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने किया।

बैठक में शिवदत्त दत्त चतुर्वेदी, मनोज गौड़, उमेश शर्मा, कुंवर सिंह निषाद, आदित्य तिवारी, जिलानी कादरी, रमेश कश्यप, विपुल पाठक, करन निषाद, अशोक निषाद, लता चौहान, गीता दिवाकर, ललिता देवी, रूपा लवानिया, नीलम कुलश्रेष्ठ, सुनील चौधरी, मानवेंद्र पांडव के अलावा सैंकड़ों कार्यकर्ता-पदाधिकारी रहे।

# संभव जनसुनवाई में 46 शिकायतें, आठ का निस्तारण

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम की ओर से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली 'संभव' संतुष्टि एवं समृद्धि जनसुनवाई में मंगलवार को लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। जनसुनवाई में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का जल्दी निस्तारण करने के निर्देश दिए। नगर निगम के तीनों जोन कार्यालयों में हुई जनसुनवाई में 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने जनसुनवाई की। वहीं सिटी जोन के जनरल गंज कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार और वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त नीरज शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

## भूतेश्वर जोन में सबसे अधिक 40 शिकायतें मिलीं

भूतेश्वर जोन में सबसे अधिक 40 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें अतिक्रमण से संबंधित दो, सफाई से संबंधित तीन और लाइट से संबंधित एक शिकायत का निस्तारण करा दिया गया। सिटी जोन में तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें दो शिकायतें टैक्स और एक सफाई से संबंधित थी, दोनों टैक्स से संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वृंदावन जोन में तीन शिकायतें मिलीं। इनमें एक सीवर, एक नजूल और एक अतिक्रमण से संबंधित थी। संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त सुनीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, मुख्य अभियंता निर्माण संजय सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र गौतम सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।






## कृष्णानगर क्षेत्र में निकली तिरंगा यात्रा

**यूनिक समय,मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को कृष्णानगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा पार्क से निकाली गई। यात्रा में मातृशक्ति ने हाथ में तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयकारे देते हुए निकाली गई। यात्रा में राष्ट्रभक्ति का जोश दिखा। इस मौके पर पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, डीसी वर्मा,पार्षद चौधरी राजवीर सिंह, योगाचार्य मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।







## रावल में भूमि पर निर्माण को लेकर प्रशासन ने जांच शुरू की

**यूनिक समय, मथुरा।** राधारानी की जन्मस्थली रावल गांव में खसरा नंबर 302 की भूमि पर हो रहे निर्माण को लेकर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक विद्यालय की भूमि से जुड़ा बताया जा रहा यह मामला सामने आने के बाद तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था।

अब राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि की वास्तविक स्थिति की पड़ताल की जा रही है।

एसडीएम महावन प्राजक्ता त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच पहले नायब तहसीलदार प्रद्युम्न त्रिपाठी द्वारा की गई थी। वर्तमान में उनके हाईकोर्ट जाने के कारण दूसरे अधिकारी को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही भूमि और निर्माण से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्रशासन के अनुसार, जांच में खसरा नंबर 302 के राजस्व अभिलेख, दर्ज स्वामित्व, भूमि के उपयोग और मौके की स्थिति का मिलान किया जाएगा। शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार महावन जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया था।

अधिकारियों का कहना है कि अभिलेखीय जांच पूरी होने के बाद यह स्पष्ट होगा कि भूमि का वर्तमान रिकॉर्ड क्या है और वहां किया जा रहा निर्माण नियमानुसार है या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## कोसीकलां के श्याम सैनी का भारतीय वायुसेना में चयन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के सैनी मोहल्ले ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुंदर सैनी के पुत्र श्याम सैनी का भारतीय वायुसेना में चयन होने की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। श्याम सैनी की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें एवं उनके पूरे परिवार को शुभकामना दीं। बचपन से ही अनुशासित और मेहनती रहे श्याम ने सीमित संसाधनों में भी अपना लक्ष्य नहीं छोड़ा और आज वायुसेना में चयनित होकर पूरे नगर का मान बढ़ाया है। आरएसएस के दिनेश सैनी एवं रमेश सैनी भी श्याम के आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्याम ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। परिवार ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है।

## दुकान पर मारपीट और मायके में धमकी का आरोप

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के मनीरामवास निवासी एक महिला ने मौसी सास और उसके परिजनों पर गाली–गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मंगलवार को थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता साईस्ता पत्नी मुसव्वर ने बताया कि उसकी मौसी सास नईमा निवासी गांव शाहपुर आए दिन ससुराल आकर सास को भड़काती है, घर में झगड़ा कराती है। वह उसे तलाक दिलाने और घर से निकालने की धमकी देती रहती है। पीड़िता के अनुसार, रविवार की सुबह नईमा उसके मायके पशु पैंठ के पास पहुंची, उसकी मां आशा से गाली–गलौज की और उसके भाइयों को अपने बेटों से जान से मरवा देने की धमकी दी।

### महिला ने दी तहरीर

इसके बाद जब वह इंदरगंज में पति की दुकान पर बात करने गई तो वहां पहले से मौजूद नईमा ने उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जेठ मुजफ्फर ने बीच–बचाव कर उसे बचाया। पीड़िता का आरोप है कि कुछ देर बाद नईमा अपने पति इनुस और पुत्रों आमिर, अरसद, फरदीन के साथ उसके मायके पहुंची और घर के दरवाजे पर खड़े होकर गाली–गलौच की, झूठे मुकदमे में फंसाने और देख लेने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।




